"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली की दिनांक 17.08.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

"जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसमें निम्न अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया –

1.	जिलाधिकारी	–	अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, रायबरेली।
2.	मुख्य विकास अधिकारी	–	सदस्य
3.	अधि०अभि०, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली	–	सदस्य सचिव
4.	जिला विकास अधिकारी	–	सदस्य
5.	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	–	सदस्य
6.	जिला पंचायत राज अधिकारी	–	सदस्य
7.	जिला कृषि अधिकारी	–	सदस्य
8.	जिला मुख्य चिकित्साधिकारी	–	सदस्य
9.	अधि०अभि०, (वि०/यॉ०), जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ	–	सदस्य
10.	परियोजना प्रबंधक, मेसर्स एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद	–	कार्यदायी संस्था
11.	परियोजना प्रबंधक, मेसर्स वी०टी०एल० लि०, नोएडा	–	कार्यदायी संस्था
12.	जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, रायबरेली	–	अनुश्रवण इकाई।
13.	उप परियोजना प्रबंधक, मेसर्स सेन्सिस टेक, रायबरेली	–	टी०पी०आई०ए०।



बैठक में निम्न बिन्दुओं पर वार्ता की गयी :–

1– भूमि की स्थिति :–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० लि० को 434 नग पेयजल योजनाओं के 440 ग्राम पंचायतों के 675 राजस्व ग्रामों में कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 431 जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 01 नग ग्राम पंचायतो में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है तथा 02 पेयजल योजनाओं पर बोरवेल फेल होने के उपरान्त भूमि अप्राप्त है तथा 01 पेयजल योजना पर पहुंच मार्ग न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही कराया जा सका। उक्त योजनाओं पर अन्यत्र भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कराते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है एवं मे० वी0टी0एल0 को 212 नग पेयजल योजनाओं के 232 नग ग्राम पंचायत, 361 नग राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 211 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 01 नग ग्राम पंचायतो पर जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन कराया जाना शेष है एवं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं हेतु 240 नग ग्राम पंचायत, 432 नग राजस्व ग्राम पर कार्य कराया जाना है, जिसके सापेक्ष 239 ग्राम पंचायतों में जलकल परिसर हेतु भूमि चिन्हाकन करा लिया गया है। 01 पेयजल योजनाओं पर भूमि प्राप्त होने के उपरान्त नलकूप फेल है। उक्त योजनाओं पर अन्यत्र भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कराते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है जिस क्रम में अध्यक्ष महोदया द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के पेयजल परिसर हेतु भूमि चिन्हांकन शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित

Scanned with OKEN Scanner

करें। जिससे जल जीवन मिशन के कार्यो को ससमय पूर्ण कराया जा सके। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित तहसीलदार/उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अवशेष भूमि का चिन्हाकन एवं पुर्नग्रहण कराना सुनिश्चित करें। जिससे भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के कार्यो को ससमय पूर्ण कर लाभार्थियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किया जा सके।

2. कार्य की प्रगति समीक्षा :–

I- फेज–2 मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एन०सी०सी० को 440 ग्राम पंचायत, 675 राजस्व ग्रामों को पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

क्र०सं०	मद	इकाई	लक्ष्य	पूर्ति	अवशेष	अभ्युक्ति
						8
1	नलकूप	Nos.	443	410	33	**31 योजनाओं के लिए रेजिस्टिविटी टेस्ट शुरू किए गए थे, हालाँकि, उनमें से 3 योजनाएँ टेस्ट में फेल हो गईं और इन फेल हुई योजनाओं के लिए नई ज़मीन की ज़रूरत है। अवशेष 25 योजनाओं के लिए रेस्टिविटी का कार्य प्रगति पर है।**
2	पम्प हाउस	Nos.	443	401	42	34 योजनाओं में बोरवेल समस्या के कारण योजना पर कार्य प्रारम्भ नही कराया गया है।
3	सोलर	Nos.	443	399	44	34 योजनाओं में बोरवेल समस्या के कारण योजना पर कार्य प्रारम्भ नही कराया गया है।
4	शिरोपरि जलाशय (ओवर हेड टैंक)	Nos.	436	240	196	0-25%- 38 (34 बोरवेल फेल) 26-50%- 28 51- 75% - 37 76 - 99% - 98 100%- 240 34 योजनाओं में बोरवेल समस्या के कारण योजना पर कार्य प्रारम्भ नही कराया गया है।
5	पेयजल पाइपलाइन	KM	6186	5828.12	357.88	34 योजनाओं में बोरवेल समस्या के कारण 282 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य लंबित है तथा विभिन्न विभागों से एन०ओ०सी० लंबित/प्रक्रियाधीन होने के कारण 32 कि०मी० पाइप लाइन बिछाने का कार्य लंबित है।
6	नल कनेक्शन	Nos.	217243	212158	5085	बोरवेल समस्या होने के कारण 5085 कनेक्शन लंबित है।
7	रोड पुर्नस्थापन	KM	1839.08	1826.99	12.09	12.09 कि०मी० मोटरवेल सड़कों को पाइपलाइन टेस्टिंग के उपरान्त पुर्नस्थापन कराया जाना लंबित है
8	नियमित जलापूर्ति	राजस्व ग्राम	675	550	125	100%- 338 90-99%- 132 Below 90% - 80
9	ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेन्स	योजना	433	158	275	99 योजनाएं ट्रायल एण्ड रन में।
		राजस्व ग्राम	675	237	438	147 राजस्व ग्राम ट्रायल एण्ड रन में।

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत समिति द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि योजनाओं की प्रगति में तेजी लाते हुए कार्यो की गुणवत्ता मानकों के अनरूप कराया जाए तथा पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय एवं सोलर प्लान्ट की प्रगति पर सुधार की आवश्यकता है एवं 76–99 प्रतिशत शिरोपरि जलाशय को शत्–प्रतिशत पूर्ण करना तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े तथा समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं पर पाइपलाइन बिछाये जाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को जांच कराकर अवगत कराये एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में शीघ्रातिशीघ्र सम्मिलित करे साथ ही समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त पेयजल योजनाओं पर नियमित रूप से जल परीक्षण कराते हुए लाभार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जहाँ–जहाँ जल की गुणवत्ता को लेकर संदेह या आवश्यकता हो वहाँ प्राथमिकता के आधार पर जल परीक्षण कराया जाए जिससे आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही किया जा सके। समिति द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि 99 प्रतिशत से कम राजस्व ग्रामों मे शीघ्रातिशीघ्र शत्–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक घटक पर मैनपॉवर व मशीनरी उपलब्ध कराते हुए साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य कराना सुनिश्चित करें। अपेक्षित प्रगति प्राप्त न होने की स्थिति में फर्म के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को संस्तुत कर दिया जायेगा।

II- फेज–3 मे० वी०टी०एल०, नोएडा–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० वी०टी०एल० लि० को 242 ग्राम पंचायत, 361 राजस्व ग्रामों को पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

o सं०	मद	इकाई	लक्ष्य	पूर्ति	अवशेष	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	7	8
1	नलकूप	Nos.	239	234	5	01 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, शेष कार्य प्रगति पर
2	पम्प हाउस	Nos.	239	234	5	01 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, शेष कार्य प्रगति पर
3	सोलर	Nos.	239	234	5	01 पेयजल योजनाओं पर भूमि अप्राप्त, शेष कार्य प्रगति पर
4	शिरोपरि जलाशय (ओवर हेड टैंक)	Nos.	216	98	118	0-25%=2 26-50%=2 51-75%=31 76-99%=83 100%=98
5	पेयजल पाइपलाइन	KM	3428.00	3361.00	67.00	शेष कार्य प्रगति पर
6	नल कनेक्शन	Nos.	102644	99622	3022	267 राजस्व ग्रामों के 99622 परिवारों को नियमित जलापूर्ति।
7	रोड पुर्नस्थापन	KM	851.00	815.00	36.00	शेष गोटरेबल
8	नियमित जलापूर्ति	राजस्व ग्राम	361	267	94	100%- 151 90-99%- 23 Below 90% - 93
9	ऑपरेशन एण्ड मेन्टीनेन्स	योजना	212	56	156	25 योजनाएं ट्रायल एण्ड रन में।
		राजस्व ग्राम	361	96	265	38 राजस्व ग्राम ट्रायल एण्ड रन में।

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत समिति द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि योजनाओं की प्रगति में तेजी लाते हुए कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनरूप कराया जाए तथा, शिरोपरि जलाशय की प्रगति अत्यन्त धीमी है। जिसमें सुधार की आवश्यकता है 76–99 प्रतिशत में 79 शिरोपरि जलाशय को 01 माह के अंदर शत्–प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी/डिस्मेन्टल सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े तथा समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं पर पाइपलाइन बिछाये जाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को जांच कराकर अवगत कराये एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में शीघ्रातिशीघ्र सम्मिलित करे साथ ही समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि समस्त पेयजल योजनाओं पर नियमित रूप से जल परीक्षण कराते हुए लाभार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जहाँ–जहाँ जल की गुणवत्ता को लेकर संदेह या आवश्यकता हो वहाँ प्राथमिकता के आधार पर जल परीक्षण कराया जाए जिससे आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही किया जा सके। समिति द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि 99 प्रतिशत से कम राजस्व ग्रामों मे शीघ्रातिशीघ्र शत्–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक घटक पर मैनपॉवर व मशीनरी उपलब्ध कराते हुए साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य कराना सुनिश्चित करें। अपेक्षित प्रगति प्राप्त न होने की स्थिति में फर्म के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को संस्तुत कर दिया जायेगा।

III- उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली की प्रगति का विवरण:–

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली को 240 ग्राम पंचायत, 425 राजस्व ग्रामों को पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल से आच्छादित करने हेतु कार्य कराया जाना है। जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

क्र0सं0	मद	इकाई	लक्ष्य	पूर्ति	प्रतिशत	अवशेष	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नलकूप	Nos.	253	219	86.56	34	शेष कार्य प्रगति पर
2	पम्प हाउस	Nos.	253	114	45.06	139	शेष कार्य प्रगति पर
3	सोलर	Nos.	253	47	18.58	206	शेष कार्य प्रगति पर
4	शिरोपरि जलाशय (ओवर हेड टैंक)	Nos.	180	28	15.56	152	1–25%-28 26-50%-23 51-75%-03 76-99%-38 100%-28 60 कार्य अनारम्भ
5	पेयजल पाइपलाइन	KM	3015.22	2405.11	79.77	610.11	शेष कार्य प्रगति पर
6	नल कनेक्शन	Nos.	129735	55988	43.16	73747	शेष कार्य प्रगति पर

Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को 44 पुर्नगठन पेयजल योजना आवंटित है, जिसमें 23 पैकेज को 16 वेण्डरों को आवंटित है। 44 पेयजल योजनाओं पर विगत लगभग 01 वर्ष से अधिक भुगतान न होने के कारण कार्य प्रभावित है। जिस हेतु मुख्यालय स्तर को भुगतान कराने हेतु आग्रह किया गया है। जिस पर समिति द्वारा समस्त पुर्नगठन ठेकेदारों को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक घटक में आवश्यक मैनपॉवर व मशीनरी शीघ्रातिशीघ्र लगाना सुनिश्चित करें तथा नल कनेक्शन, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली तथा सोलर पर सामान्तर साप्ताहिक कार्य योजना बनाते हुए कार्य कराये, जिससे निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जा सके तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गई सड़को को तत्काल बैक फिल करना सुनिश्चित करें जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

3. <u>संचालन एवं अनुरक्षण के अंतर्गत पुरानी योजनाओं की प्रगतिः–</u>

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 43 पेयजल योजनाएं जो ग्राम पंचायत को हस्तांतरित थी जिसमें 77 ग्राम सम्मिलित है। उक्त योजनाएं संचालन एवं अनुरक्षण नीति–2024 के अंतर्गत 10 वर्ष की अवधि हेतु सफल संचालन एवं अनुरक्षण हेतु चयनित किया गया है। जिसकी कार्यदायी संस्था मेसर्स ओम इंफ्रा प्रा0 लि0 है। जिन पर आंशिक वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गई है, जिसकी भौतिक प्रगति निम्नवत है–

क्र0सं0	विवरण	इकाई	योजनाएं	राजस्व ग्राम	टिप्पणी
1	कुल योजनाएं	Nos.	43	77	21 नग Non- Functional योजनाओं को संचालित करने हेतु आंशिक धनराशि स्वीकृत हुई है, जिनका कार्य प्रगति पर है।
2	Fully Functional योजनाएं	Nos.	00	07	
3	Partially Functional योजनाएं	Nos.	23	46	
4	Non- Functional योजनाएं	Nos.	21	24	

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त प्रगति के दृष्टिगत समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि 20 Non- Functional योजनाए जिनमें 24 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, को शीघ्रातिशीघ्र क्रियाशील कराते हुए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे।

(कार्यवाही मे० एन०सी०सी० लि०, हैदराबाद/ मे०विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०–गाजा इंजीनियरिंग प्रा०लि०जे०वी०, नोएडा/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स ओम इंफ्रा प्रा0 लि0)

अंत में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियो को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करते हुए सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी
रायबरेली।

कार्यालय जिलाधिकारी रायबरेली।

पत्रांक : 2517 / m-15 / 27 दिनांक : 29/10/2026

29/10/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य विकास अधिकारी, रायबरेली।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
7. जिला विकास अधिकारी, रायबरेली।
8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यॉ0), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली।
10. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एन०सी०सी० लिमिटेड, रायबरेली।
11. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि०– गाजा इंजी० प्रा०लि० जे०वी०, नोएडा।
12. टीम लीडर, मेसर्स सेन्सिस टेक लिमिटेड, रायबरेली।
13. जिला समन्वयक, मे० आरवी एसोसिएट्स, रायबरेली (डी०पी०एम०यू०)।

जिलाधिकारी
रायबरेली।

Scanned with OKEN Scanner